
# सेवापुरी विकास अभियान

## स्वच्छता क्षेत्र

एसबीसीसी सामग्री




NITI Aayog

# स्वच्छता क्षेत्र

इस क्षेत्र में शामिल किए जाने वाले **प्राथमिक विषय** हैं-

> निजी और सामुदायिक शौचालयों का उपयोग बढ़ाना

> ठोस और तरल कचरे का प्रबंधन

> मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता का प्रबंधन

यह एसबीसीसी टूलकिट लाभार्थियों को **संदेश और सरल कार्यक्रम / हस्तक्षेप** प्रदान करता है, ताकि उन्हें इसमें शामिल किया जा सके तथा स्वच्छता निर्देशों और सेवाओं का अनुपालन करने के लिए प्रेरित किया जा सके। इन प्रोटोकॉल और संदेशों को **व्यवहार परिवर्तन में विशेषज्ञता** के साथ बनाया गया है और प्रभावी सामुदायिक परिवर्तन के लिए निर्दिष्ट क्षेत्र में इसका पालन किया जाना चाहिए।

जब आप क्षेत्र में लाभार्थियों के साथ बातचीत कर रहे हों, तो **टूलकिट को अपने साथ ले जाएं**, ताकि आप उन्हें परिचालन योजना में सूचित किया गया संदेश (पोस्टर) दिखा सकें।

इस दस्तावेज़ में, **एफएलडब्ल्यू शब्द** का उपयोग तीन प्रकार के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं यानी आशा, एएनएम और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को दर्शाता है।

# स्वच्छता से है स्वाभिमान
# आओ, बढ़ाएं अपने गाँव की शान




अपने आस पास स्वच्छता बनाए रखें
और शौचालय का प्रयोग हमेशा करें।

# मैसेजिंग हस्तक्षेप - 1




## संदेश का वितरण -

पोस्टर को गाँव की **आम सभाओं/मिलने की जगहों** पर प्रदर्शित किया जाएगा।

## परिचालन योजना -

1. पंचायत के सदस्यों को **पंचायत की बैठकों** में और **आंगनवाड़ी केंद्र** पर लगाने के लिए पोस्टर दिए जाएंगे।

2. जब समुदाय के सदस्य मौजूद हों तो जन प्रतिनिधि और पंचायत सदस्य पोस्टर के माध्यम से स्वच्छता के बारे में बात करेंगे।

"अपने बच्चे को स्वस्थ रखने के लिए और उसे बीमारियों से बचाने के लिए आप क्या कर सकती हैं?"

"क्या आप जानती हैं, आस पास गंदगी होने से बच्चे को बीमार होने का खतरा है? आप इसे कैसे रोक सकती हैं?"

"हर बच्चे का हक़ है, बीमारियों से मुक्त, एक खुशहाल भविष्य।"

"शौचालय का इस्तेमाल करें, अपने आस पास स्वच्छता रखें और बच्चे को बीमारियों से बचाएं।"

NITI Aayog

# मैसेजिंग हस्तक्षेप - 2

"अपने बच्चे को स्वस्थ रखने के लिए और उसे बीमारियों से बचाने के लिए आप क्या कर सकती हैं?"

"क्या आप जानती हैं, आस पास गंदगी होने से बच्चे को बीमार होने का खतरा है? आप इसे कैसे रोक सकती हैं?"

"हर बच्चे का हक़ है, बीमारियों से मुक्त, एक खुशहाल भविष्य।"

"शौचालय का इस्तेमाल करें, अपने आस पास स्वच्छता रखें और बच्चे को बीमारियों से बचाएं।"

NITI Aayog

## संदेश का वितरण -

स्वयंसेवकों द्वारा **गृह भ्रमण के दौरान** स्क्रिप्ट का संचार किया जाएगा।

## परिचालन योजना -

1. स्वयंसेवकों को स्क्रिप्ट और उसके उपयोग पर **ट्रेनिंग** दी जाएगी।
2. स्क्रिप्ट का इस्तेमाल सभी गृह भ्रमण दौरों के दौरान स्वच्छता के स्वास्थ्य लाभों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए किया जाएगा।

NITI Aayog

"आप और आप का परिवार तब ही सेहतमंद रह सकते हैं जब आप के आस पास के सब ही लोग सेहतमंद हो। क्या आप जानती हैं ये कैसे होता है?"

"आपके हिसाब से, आपके और आपके पड़ोसियों के कौन से काम सामुदायिक के स्वास्थ्य को खतरे में डाल सकते हैं?"

"खुले में शौच करना आपके गाँव में बीमारी का सबसे बड़ा कारण है। अपने गाँव के लोगों के स्वास्थ्य को खतरे में मत डालिये।"

"टॉयलेट का इस्तेमाल करना बहुत आसान है। 5 लोगों का एक परिवार एक गड्ढे को 3 साल तक इस्तेमाल कर सकता है।"

"अपने आस पास स्वच्छता बनाए रखें और शौचालय का प्रयोग हमेशा करें।"

# मैसेजिंग हस्तक्षेप - 3

"आप और आप का परिवार तब ही सेहतमंद रह सकते हैं जब आप के आस पास के सब ही लोग सेहतमंद हो। क्या आप जानती हैं ये कैसे होता है?"

"आपके हिसाब से, आपके और आपके पड़ोसियों के कौन से काम सामुदायिक के स्वास्थ्य को खतरे में डाल सकते हैं?"

"खुले में शौच करना आपके गाँव में बीमारी का सबसे बड़ा कारण है। अपने गाँव के लोगों के स्वास्थ्य को खतरे में मत डालिये।"

"टॉयलेट का इस्तेमाल करना बहुत आसान है। 5 लोगों का एक परिवार एक गड्ढे को 3 साल तक इस्तेमाल कर सकता है।"

"अपने आस पास स्वच्छता बनाए रखें और शौचालय का प्रयोग हमेशा करें।"

## संदेश का वितरण -

स्वयंसेवकों द्वारा **गृह भ्रमण के दौरान** स्क्रिप्ट का संचार किया जाएगा।

## परिचालन योजना -

1. स्वयंसेवकों को स्क्रिप्ट और उसके उपयोग पर **ट्रेनिंग** दी जाएगी।
2. स्क्रिप्ट का इस्तेमाल सभी गृह भ्रमण दौरों के दौरान स्वच्छता के स्वास्थ्य लाभों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए किया जाएगा।

NITI Aayog

"आपका बच्चा आप को देख कर क्या क्या सीखता है?"

"बच्चा घर पर सफाई और स्वछता रखना आप ही से सीखता है। तो आप उसे क्या अच्छी आदतें सिखा सकती हैं? "

"आप अपने बच्चे के लिए प्रेरणा का एक स्त्रोत हैं। छोटे–छोटे कदम, जैसे घर का कचरा अलग–अलग करना एक ज़रूरी चीज़ है।"

"यही चीज़ें देख कर बच्चे अच्छी आदतें सीखेंगे जो की आपके बच्चों और समाज, दोनों को खुशहाली की ओर ले जाती हैं।"

"तो याद रहे, घर का कूड़ा फेंकने से पहले अलग-अलग करें और बच्चों को भी इसके बारे में बताएँ।"

# मैसेजिंग हस्तक्षेप – 4

NITI Aayog

"आपका बच्चा आप को देख कर क्या क्या सीखता है?"

"बच्चा घर पर सफाई और स्वछता रखना आप ही से सीखता है। तो आप उसे क्या अच्छी आदतें सिखा सकती हैं? "

"आप अपने बच्चे के लिए प्रेरणा का एक स्रोत हैं। छोटे-छोटे कदम, जैसे घर का कचरा अलग-अलग करना एक ज़रूरी चीज़ है।"

"यही चीज़ें देख कर बच्चे अच्छी आदतें सीखेंगे जो की आपके बच्चों और समाज, दोनों को खुशहाली की ओर ले जाती हैं।"

"तो याद रहे, घर का कूड़ा फेंकने से पहले अलग-अलग करें और बच्चों को भी इसके बारे में बताएँ।"


## संदेश का वितरण -

स्वयंसेवकों द्वारा **गृह भ्रमण के दौरान** स्क्रिप्ट का संचार किया जाएगा।

## परिचालन योजना -

1. स्वयंसेवकों को स्क्रिप्ट और उसके उपयोग पर **ट्रेनिंग** दी जाएगी।
2. स्क्रिप्ट का इस्तेमाल सभी गृह भ्रमण दौरों के दौरान स्वच्छता के स्वास्थ्य लाभों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए किया जाएगा।


# भारत है एक आधुनिक देश जो चलता है नयी तकनीक और नए विचारों पर




## आधुनिक भारतीय इस्तेमाल करते हैं आधुनिक शौचालय का जो होता है साफ़, स्वच्छ, और रोगाणु-मुक्त

NITI Aayog

# मैसेजिंग हस्तक्षेप - 5




## संदेश का वितरण -

पोस्टर को गाँव की **आम सभाओं / मिलने की जगहों** पर प्रदर्शित किया जाएगा।

## परिचालन योजना -


1 पंचायत के सदस्यों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और स्कूल के शिक्षकों को **पंचायत की बैठकों** में, **स्कूलों** में और **आंगनवाड़ी केंद्र** पर लगाने के लिए पोस्टर दिए जाएंगे।

2 जब समुदाय के सदस्य मौजूद हों तो जन प्रतिनिधि, स्वयंसेवक और पंचायत सदस्य पोस्टर के माध्यम से स्वच्छता के बारे में बात करेंगे।

# बेटियाँ बनेंगी आपका सहारा आपके कल में जब आप बनेंगे उनका सहारा आज

एक पिता होने के नाते, आपका फ़र्ज़ है अपनी बेटी की सब ही ज़रूरतों का ख्याल रखना।


माहवारी के दिनों में उसे सैनिटरी पैड और साफ़ शौचालय जैसी सुविधाएँ उपलब्ध करने की ज़िम्मेदिआरी लें।



NITI Aayog

बेटियों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए माहवारी के समय स्वच्छता होना आवश्यक है।

# मैसेजिंग हस्तक्षेप – 6




## संदेश का वितरण -

पोस्टर को गाँव की **आम सभाओं/मिलने की जगहों** पर प्रदर्शित किया जाएगा।

## परिचालन योजना -


1. पंचायत के सदस्यों को **पंचायत की बैठकों** में और **आंगनवाड़ी केंद्र** पर लगाने के लिए पोस्टर दिए जाएंगे।

2. जब समुदाय के सदस्य मौजूद हों तो जन प्रतिनिधि और पंचायत सदस्य पोस्टर के माध्यम से स्वच्छता के बारे में बात करेंगे।

# कार्य उन्मुख हस्तक्षेप – 1

## विवरण -

मौजूदा स्वास्थ्य और पोषण प्लेटफार्मों जैसे **वीएचएसएनडी/टीकाकरण दिवस, एचबीवाईसी भ्रमण, अन्नप्राशन, टीएचआर वितरण** के उपयोग से परिवार के अच्छे स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित स्वच्छता की आवश्यकता पर महिलाओं को परामर्श दिया जाए।



## परिचालन योजना -

1. सुरक्षित स्वच्छता पर संदेश देने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आशा को **प्रशिक्षण** दिया जाएगा।






2. आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आशा **मौजूदा मैसेजिंग प्लेटफार्मो** पर सुरक्षित स्वच्छता पर संदेश शामिल करेंगी।

   ऐसा करने से वे एक एकीकृत संदेश प्रदान करेंगी और विषय के महत्व को दोहरा पाएंगी।

# कार्य उन्मुख हस्तक्षेप - 2


## विवरण -

स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों पर शिक्षा के माध्यम से, **बच्चों को समुदाय में प्रमुख प्रवर्तक बनने के लिए जुटाया जाएगा।**

ये बच्चे अपने परिवार के सदस्यों को सुरक्षित स्वच्छता और कचरा निपटान प्रथाओं पर जानकारी और सम्मानजनक अनुस्मारक प्रदान करेंगे।




## परिचालन योजना -



1. स्कूल शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, बाल और युवा पथिकों को सुरक्षित स्वच्छता की मैसेजिंग और लागू कराने के महत्व पर **प्रशिक्षित** किया जाएगा।



2. प्रशिक्षण के बाद, शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, बाल और युवा पथिक, सुरक्षित स्वच्छता के महत्व पर छात्रों (स्कूल की गतिविधियों के भाग के रूप में) के **साथ संदेश साझा करेंगे** और उन्हें घर वापस जाने के बाद **परिवार के सदस्यों** के साथ ज्ञान साझा करने के लिए कहेंगे।

3. बच्चों को गतिविधियों में व्यस्त रखने के लिए शिक्षक **एक खेल की शुरुआत** कर सकते हैं, जहाँ वे छात्रों से प्रतिदिन रिपोर्ट करने को कहेंगे कि उन्होंने किसके साथ संदेश साझा किया और उन्होंने कब-कब किसी को सुरक्षित स्वच्छता की याद दिलाई।

# कार्य उन्मुख हस्तक्षेप – 3

## विवरण -

गृह भ्रमणों के दौरान, कर्मचारी / स्वयंसेवक परिवार को कूड़ेदान देंगे और इनको **कचरे के प्रकार के आधार पर घरों के क्षेत्र में डिब्बे नियुक्त करने** के लिए प्रोत्साहित करेंगे। यह एक आसान अनुस्मारक के रूप में कचरे को अलग करने के लिए प्रोत्साहित कर सकता हैं। उदाहरण के लिए: तरल कूड़े के लिए कूड़ेदान को रसोई के करीब रखा जा सकता है, सूखे कचरे के लिए कूड़ेदान को अन्य जगहों में रखा जा सकता है।




## परिचालन योजना -

1. कूड़े का प्रबंधन करने वाले स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे वे परिवार के सदस्यों को कचरे के प्रकार के अनुसार कूड़े दानों की नियुक्ति के बारे में समझा सकें।




2. गृह भ्रमण के दौरान स्वयंसेवक, कचरे के प्रकार के आधार पर रणनीतिक रूप से डिब्बे नियुक्त करने के लिए याद दिलाएँगे- स्वयंसेवक इसके अनुसार घर पे जगहों को पहचानने की मदद भी कर सकते हैं।

# कार्य उन्मुख हस्तक्षेप - 4




## विवरण -

पुरुष स्वयंसेवक / कर्मचारी अपनी वर्दी के हिस्से के रूप में **स्टिकर या बैज पहनेंगे**, जो महिला मासिक धर्म के स्वास्थ्य को बढ़ावा देगा।

## परिचालन योजना -

1. पुरुष स्वयंसेवकों और कर्मचारियों को **प्रशिक्षण** के दौरान एक बैज प्रदान किया जाएगा और **मासिक धर्म स्वास्थ्य के महत्व पर निर्देश** दिया जाएगा।

2. पुरुष स्वयंसेवक / कर्मचारी अपने गृह भ्रमणों दौरों और अन्य कार्यक्रमों के दौरान बैज पहनेंगे। बैज का उपयोग करके उन्हें **पुरुषों** से उनके परिवार के महिला सदस्यों के सकारात्मक **मासिक धर्म स्वास्थ्य प्रथाओं का समर्थन करने की जिम्मेदारी** पर चर्चा करनी होगी।

सत्यमेव जयते

NITI Aayog

# सेवापुरी विकास अभियान

## एसबीसीसी सामग्री